भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
उर्वरक विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या **790**

जिसका उत्तर शुक्रवार, 26 जुलाई, 2024/4 श्रावण, 1946 (शक) को दिया जाना है।

आवश्यक उर्वरकों की कीमतों में वृद्धि

790. श्री आनंद भदौरिया:

क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आज की तिथि के अनुसार यूरिया, डीएपी, फॉस्फेट, पोटाश और अन्य उर्वरकों की प्रति क्विंटल दर का उर्वरक-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) वर्ष 2013 और 2014 के अनुसार यूरिया, डीएपी, फॉस्फेट, पोटाश और अन्य उर्वरकों की प्रति क्विंटल दर का उर्वरक-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) पिछले पांच वर्षों के दौरान यूरिया, डीएपी, पोटाश, फॉस्फेट और अन्य उर्वरकों की कीमत में प्रति क्विंटल वृद्धि का वर्ष-वार और उर्वरक-वार ब्यौरा क्या है; और
(घ) उपर्युक्त उर्वरकों के पैकेटों का वजन कम करने के क्या कारण हैं?

उत्तर

रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क): यूरिया की 45 कि.ग्रा. की बोरी का एमआरपी (नीम लेपन प्रभारों तथा यथा लागू करों को छोड़कर) 242 रु. प्रति बोरी अर्थात 538 रु. प्रति क्विंटल है।

प्रमुख पीएंडके उर्वरकों के संबंध में, आज की स्थिति के अनुसार प्रति क्विंटल दर का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

क्र.सं.	**एनपीके उर्वरक ग्रेड**	**आज की स्थिति के अनुसार औसत एमआरपी (लगभग) (रु. प्रति क्विटल में)**
1	डीएपी (18-46-0-0)	2700.00
2	एमओपी (0-0-60-0)	3224.95
3	एसएसपी (0-16-0-11)	1033.84
4	एनपीके 10-26-26	2970.75
5	एनपीके 12-32-16	2940.00
6	एनपीके 20-20-0-13	2542.37

(ख): वर्ष 2013 और 2014 में उर्वरक-वार दरों का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

I. यूरिया

यूरिया का एमआरपी (केंद्रीय/राज्य अधिभारों/जीएसटी तथा नीम लेपन के प्रभारों को छोड़कर)		
वर्ष	रु. प्रति मीट्रिक टन	रु. प्रति 50 कि.ग्रा. की बोरी
2012-13	5360	268
2013-14	5360	268

II. प्रमुख पीएंडके उर्वरक

क्र.सं.	एनपीके उर्वरक ग्रेड	औसत एमआरपी (लगभग) (रु. प्रति क्विटल में)	
		2012-13	**2013-14**
1	डीएपी (18-46-0-0)	2303.14	2273.14
2	एमओपी (0-0-60-0)	1579.36	1626.26
3	एसएसपी (0-16-0-11)	726.16	689.86
4	एनपीके 10-26-26	2092.08	2107.82
5	एनपीके 12-32-16	2176.12	2111.00
6	एनपीके 20-20-0-13	1695.66	1708.48

(ग): पिछले पांच वर्ष के दौरान उर्वरक-वार दरों का ब्यौरा निम्नवत् है:-

I. यूरिया

दिनांक 1.3.2018 से आज की तारीख तक यूरिया का एमआरपी (केंद्रीय/राज्य अधिभारों/जीएसटी तथा नीम लेपन के प्रभारों को छोड़कर) 45 कि.ग्रा. की प्रत्येक बोरी के लिए 242 रु. है।

II. प्रमुख पीएंडके उर्वरक

क्र.सं.	एनपीके उर्वरक ग्रेड	औसत एमआरपी (लगभग) (रु. प्रति क्विटल में)				
		2019-20	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**2023-24**
1	डीएपी (18-46-0-0)	2651.82	2496.68	2500.40	2694.00	2700.00
2	एमओपी (0-0-60-0)	1898.10	1787.26	2333.80	3414.80	3398.70
3	एसएसपी (0-16-0-11)	784.82	803.20	709.50	1003.60	1053.60
4	एनपीके 10-26-26	2575.10	2457.56	2975.10	2976.10	2939.50
5	एनपीके 12-32-16	2573.42	2464.32	2873.30	3156.20	2986.52
6	एनपीके 20-20-0-13	2070.70	2465.30	2465.30	2804.60	2527.56

(घ): नीम लेपित यूरिया (एनसीयू) की शुरुआत के बाद, नीम लेपन के प्राथमिक लाभों में से एक लाभ यह है कि धीमी गति से रिलीज के कारण, एनसीयू की खपत सामान्य यूरिया की तुलना में कम हो जाती है। इसलिए, 4 सितंबर, 2017 की अधिसूचना के जरिये, 50 किलोग्राम की बोरी के स्थान पर यूरिया की 45 किलोग्राम की बोरी की शुरुआत करने का निर्णय लिया गया। डीएपी, पोटाश और अन्य एनपीके मिश्रित उर्वरकों की बोरियों का वजन यथावत् 50 किग्रा है।

****